**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–17.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

- **केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख प्रस्तुत करने के लिए प्रमुख साझेदार देशों में भेजेगी सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल।**
- **ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राज्यभर में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी, 19 और 20 मई को प्रखंड स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी।**
- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से गरीबों और आदिवासियों को शराब दुकान का लाइसेंस देने का दिया सुझाव, एक व्यक्ति–एक दुकान पर दिया जोर।**
- **राजधानी रांची, देवघर समेत राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ हो रही बारिश, अगले चार दिनों तक कई जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी।**
- **रांची में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंधन समिति के लिए कल होनेवाले चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी, अजय नाथ शाहदेव और एसके बेहरा की टीम आमने–सामने।**

## अब समाचार विस्तार से

केंद्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगे। एक रिपोर्ट

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत का यह सामूहिक संकल्प दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करता है।

****************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्यभर में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिल जारी है। जिलास्तर पर तिरंगा यात्रा के बाद 19 और 20 मई को प्रखंड स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर जामताड़ा में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकी घटना का बदला ले लिया है।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की नई शराब नीति को लेकर कई सुझाव दिये हैं। आज राजधानी रांची के भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमरांडी ने गरीबों और आदिवासियों को शराब दुकान के लिए लाइसेंस देने के साथ ही एक व्यक्ति एक दुकान का फॉर्मूला लागू करने की बात कही।

****************

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और सुदृढ़ तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नई दिल्ली में 19 और 20 मई को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस

प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए गुमला जिले से चयनित स्वयंसेवकों, बीएलवो और मास्टर्स की टीम को जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

****************

भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर बोकारो से कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह के वोटर कार्ड और पैन समेत कुछ अन्य दस्तावेजों में गड़बड़ी की शिकायत की है। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रांची विधायक सीपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा और बोकारो से पूर्व विधायक बिरंची नारायण शामिल थे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद रांची विधायक सीपी सिंह ने बताया कि बोकारो की वर्तमान विधायक श्वेता सिंह ने चुनाव के दौरान शपथ पत्र में गलत जानकारी दी है।

****************

विधानसभा अध्यत्र रबींद्रनाथ महतो ने आज धनबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक निजी स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा अनुष्का सिंह द्वारा लिखित पुस्तक–**द विंग्ड रिंग्स** का लोकार्पण किया।

****************

पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर गांव के पास जंगल में आज पुलिस और टीएसपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली पीछे हट गये। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान तेज कर दिया है। इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है ताकि कोई भी नक्सली बचकर नहीं निकल सके।

****************

लोहरदगा जिला का 42वां स्थापना दिवस समारोह आज समाहरणालय मैदान में मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से विकास मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

****************

राजधानी रांची, देवघर समेत राज्य के कई जिलों में आज दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्यभर में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं देवघर और गिरिडीह जिले के लिए रेड अलर्ट जबकि दुमका, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रामगढ़, बोकारो और धनबाद के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

****************

राजधानी रांची के खेलगांव में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा राज्य में पहली बार राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी जिलों से चयनित 320 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंडर 17 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में गिरिडीह के अंकित मोदी को पहला स्थान, सिमडेगा के सूर्या साहू को दूसरा स्थान और पूर्वी सिंघभूम के विपुल महतो को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 17 बालिका वर्ग एकल प्रतियोगिता में सिमडेगा की सुलेखा कुमारी को पहला स्थान, दुमका की अविशा को दूसरा स्थान और गुमला की सरस्वती कुमारी को तीसरा स्थान मिला है। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

****************

राजधानी रांची में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंधन समिति के लिए कल होनेवाले चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसे लेकर अजय नाथ शाहदेव और एसके बेहरा की टीम आमने–सामने है।

रांची के जेएससीए स्टेडियम में होने वाले इस चुनाव के नतीजे भी कल ही घोषित कर दिये जायेंगे। इस चुनाव को लेकर दोनों गुटों ने अपनी–अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं हैं।

*********समाप्त**********